बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–विविध (अधि0–आशुलिपिक)–20 / 2023(खण्ड–1)..................

बिहार कर्मचारी चयन आयोग

पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

आवश्यक सूचना

ज्ञापांक–3823/आ. पटना, दिनांक–20.9.2023

वि0सं0–01 / 23, पद–आशुलिपिक / अनुदेशक (आशुलेखन) की व्यावहारिक जाँच परीक्षा दिनांक–24.09.2023 को पटना अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित है। अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। संबंधित अभ्यर्थी अपना Registration no. एवं Date of Birth का उपयोग कर अपना प्रवेश–पत्र Download कर सकते हैं।

व्यावहारिक जाँच परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण निदेशः–

01. आशुलेखन जाँच परीक्षा में हिन्दी श्रुतिलेखन हेतु 80 (अस्सी) शब्द प्रति मिनट की गति से कुल 320 {(तीन सौ बीस) शब्दों को 04 (चार) मिनट (1 मिनट अतिरिक्त समय प्रारंभ में लेखापन जाँच (डिक्टेशन लेख)} की अवधि में उपलब्ध कराये गये नोटबुक में संकेत लिपि में लिखना आवश्यक होगा। निर्धारित हिन्दी श्रुतिलेखन के बाद 02 मिनट अतिरिक्त समय शुद्धि हेतु देय होगा। श्रुतिलेखित लेखांश के टंकण हेतु कुल 20 (बीस) मिनट देय होगा।
02. टंकण जाँच परीक्षा (अंग्रेजी एवं हिन्दी) कम्प्यूटर पर ली जाएगी।
03. हिन्दी टंकण जाँच परीक्षा में Mangal font in Remington Gail Keyboard Layout का प्रयोग किया जाएगा।
04. हिन्दी टंकण जाँच परीक्षा में अभ्यर्थियों को 30 (तीस) शब्द प्रति मिनट की गति से 300 (तीन सौ) शब्दों को 10 (दस) मिनट में टंकित करना अनिवार्य है।
05. अंग्रेजी टंकण जाँच परीक्षा में **"UTF-8"** Under **English (US)** Keyboard Layout का प्रयोग किया जाएगा।
06. अंग्रेजी टंकण जाँच परीक्षा में 35 (पैंतिस) शब्द प्रति मिनट की गति से 10 (दस) मिनट में कुल 350 (तीन सौ पचास) शब्दों को टंकित करना अनिवार्य है।
07. अभ्यर्थी Typing की शुरूआत के दौरान उपयुक्त Keyboard Layout का चयन कर लें, Typing के दौरान Keyboard Layout बदलने से अभ्यर्थी द्वारा Type की गई सामग्री मिट सकती है।
08. बेन्चमार्क दिव्यांग (दृष्टि बाधित) अभ्यर्थियों को नियमानुसार क्षतिपूरक समय दिया जाएगा।
09. अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान **Computer Screen** पर समय–समय प्रदर्शित निर्देशों को अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

नोटः– अभ्यर्थी ध्यान देंगे कि हिन्दी और अंग्रेजी टंकण के लिए दिये गये क्रमशः 300 (हिन्दी) एवं 350 (अंग्रेजी) के शब्दों को टाइपिंग की निर्धारित अवधि 10–10 मिनट में टंकित करेंगे। टंकण की यह जाँच अभ्यर्थियों की निर्धारित अवधि में टंकण की गलतियों की गणना के लिए किया जाता है। अतः निर्धारित अवधि में टाइपिंग के लिए दिये गये पारा (Passage) को एक बार ही टंकित करेंगे।

अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहेंगे।

विश्वासभाजन

20.09.2023

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।